**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तरालेख्य**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 2(क)-क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में समाज कल्याण विभाग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भागीदारी भवन, लखनऊ में नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है? | जी हाँ। भागीदारी भवन में कोचिंग संचालित है, जिसमें 300 छात्रों के पढ़ने और रहने की व्यवस्था है, जिनके लिए विभिन्न कोचिंग बैच चल रहे हैं।<br><br>आपको जानकर हर्ष होगा कि सीएम-अभ्युदय कोचिंग वर्ष 2021 में मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू कराई गयी थी, जिनमें आनलाइन कोचिंग के साथ क्लासरूम टीचिंग की भी व्यवस्था है। इसका बहुत सुखद परिणाम रहा है। इस वर्ष सिविल सर्विस में लगभग 24 और पीसीएस में लगभग 94 प्रतियोगी सिलेक्ट हुए है। यह बड़ा रिकार्ड है।<br><br>अभ्युदय कोचिंग के संचालन हेतु भागीदारी भवन, गोमती नगर, लखनऊ में कार्यालय स्थापित किया गया है। यहाँ प्रशिक्षण फिल्म बनाने के लिए स्टूडियो भी बनाया जाना है। इसके अतिरिक्त भागीदारी भवन की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। |
| (ख)-यदि हॉ, तो उक्त भवन में अवैध रूप से कमरों की दीवारों को तोड़कर व फर्नीचर आदि को उखाड़कर उसका अन्य कार्य के लिए प्रयोग किया जा रहा है ? | जी नहीं। सम्भवत: उच्चीकरण के प्रचलित कार्य के सबंध में मा0 महोदय को भ्रामक सूचना दी गयी है। |
| (ग)-क्या उक्त भागीदारी भवन का अन्य कार्यो के लिए किये जा रहे प्रयोग को रोक कर लाखो छात्रों के हित में कोचिंग की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे ? | भागीदारी भवन का अन्य कार्यो के लिए प्रयोग नहीं किया जा रहा है। संस्थान में छात्र हित में नि:शुल्क कोचिंग योजना संचालित है।<br>चूँकि मेरा पूर्व का सिविल सेवा का अनुभव है तो मैं अभ्यर्थियों के साथ अधिक से अधिक समय देने का प्रयास करता हूँ इससे समस्याओं का निवारण हुआ है और अच्छे परिणाम आए हैं। मै आश्वस्त |

| | |
|---|---|
| | करना चाहूँगा कि भविष्य में और भी परीक्षाएं इसमें जोड़ी जाएगी |
| (घ) यदि हाँ, तो उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

(असीम अरूण)

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)